**खबर संक्षेप**

## मार्ग अवरूद्ध करने पर 1 हजार रूपए का जुर्माना

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु खिरहनी ब्रिज के नीचे अवैध रूप से बग्घियां खड़ी कर मार्ग अवरुद्ध करने वाले संचालकों पर कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे अनियंत्रित रूप से खड़ी बग्घियों के कारण आवागमन प्रभावित पाए जाने पर संबंधित बग्घी संचालकों पर 1000 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया तथा तत्काल स्थल खाली कराते हुए दोबारा इस प्रकार अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई। इस दौरान अतिक्रमण दस्ते के रंजीत खटीक, अजय कुशवाहा, अब्दुल नसीम और अन्य अतिक्रमण दस्ते कर्मचारियों की उपस्थिति रही। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक उपयोग एवं शासकीय प्रयोजनों हेतु आरक्षित भूमि एवं सार्वजनिक स्थलों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा शहर को व्यवस्थित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

## आरक्षित शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा



**कटनी।** रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत अमरगंज क्षेत्र में एम.एस.डब्ल्यू. कचरा प्लांट पहुंच मार्ग के समीप नगर निगम स्वामित्व की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि नगर पालिक निगम कटनी को अमीरगंज क्षेत्र में सूअर बाड़ा निर्माण एवं संबंधित व्यवस्थाओं हेतु भूमि आवंटित की गई है। उक्त आरक्षित शासकीय भूमि के लगभग 15 बाई 30 फुट हिस्से पर स्थानीय व्यक्ति द्वारा अनधिकृत रूप से निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत निगम प्रशासन को प्राप्त हुई थी। शिकायत के परीक्षण उपरांत निगम प्रशासन द्वारा संबंधित व्यक्ति को पूर्व में नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आदेश की अवहेलना करते हुए स्थल पर अवैध रूप से कक्ष निर्माण किया जाना पाए जाने पर अवैध निर्मित संरचना को हटाकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि निगम की शासकीय एवं सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार का अनधिकृत कब्जा अथवा निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## जनगणना के महत्व की दी जानकारी, किया जागरूक

**कटनी।** जिले में जनगणना (मकान गणना) कार्य को लेकर कलेक्टर के निर्देश पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत परिषद से जुड़ी नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों और सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीणों को जनगणना के महत्व और इसमें सहयोग करने के प्रति जागरूक करने के लिए छात्र-छात्राओं द्वारा गांव-गांव में दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है।

### पीएचक्यू के निर्देश पर चलाया जा रहा विशेष अभियान, झिंझरी मोड़ पर हुई कार्रवाई

# विशेष जांच अभियान से मचा हड़कंप, 236 चालकों से 89500 रूपये वसूला जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए 236 से अधिक वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई तथा 89,500 रुपये से अधिक समन शुल्क वसूला गया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 26 अप्रैल से 10 मई 2026 तक विशेष हेलमेट चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी एवं डीएसपी शिवा पाठक की उपस्थिति में थाना माधवनगर प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे व यातायात स्टाफ द्वारा बिलहरी मोड़ पर सघन जांच की गई। चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, बिना नंबर प्लेट, ट्रिपल राइडिंग, हेलमेट न पहनने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कार्रवाई की गई। कई वाहन चालकों ने जुर्माने से बचने के लिए बहाने बनाए, लेकिन पुलिस ने नियमों के तहत चालान काटे।अभियान के दौरान नाबालिगों द्वारा दोपहिया वाहन चलाते पाए जाने पर पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उनके अभिभावकों को मौके पर बुलाकर कड़ी समझाइश दी।

### कार्यवाही के साथ समझाइश

पुलिस ने स्पष्ट किया कि नाबालिगों को वाहन देना कानूनन अपराध होने के साथ उनके जीवन के लिए भी गंभीर खतरा है। पुलिस ने बताया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं हेलमेट नहीं पहनने के कारण गंभीर रूप लेती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए वाहन चेकिंग एवं जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं तथा नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के साथ लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक बनाना है।



# प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थियों की लिखित व मौखिक परीक्षा हुई

### बीएससी एवं बीकॉम के छात्रों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। इसके अंतर्गत कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग एवं प्राकृतिक खेती का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया भूमि मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जैविक खेती अपनाने की सलाह दी गई।

ग्राम में उपलब्ध संसाधनों से गोबर कचरे से खाद बनाना जैविक कीटनाशकों को बनाकर फसलों में उपयोग करना जिससे बाजार पर निर्भरता कम हो भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे भूमि में सभी पोषक तत्व एवं सूक्ष्म जीवाणु उपलब्ध रहे जिससे विष मुक्त अनाज दलहन तिलहन सब्जी का उत्पादन हो आजकल जैविक कृषि उत्पादों की मांग निरंतर बढ़ने से उनकी बिक्री से अच्छी आमदनी होगी। यह प्रशिक्षण प्रचार्या डॉक्टर सरिता पांडे केमार्गदर्शन में पाठ्यक्रम के अनुसार प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के बीए बीएससी एवं बीकॉम के विद्यार्थियों को दिए गए जैविक खेती के प्रशिक्षण के पश्चात लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई।

बाह्य परीक्षक अश्विनी कुमार गर्ग एवं आंतरिक परीक्षक रामसुख दुबे द्वारा लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई परीक्षा प्रभारी एवं स्टाफ ने परीक्षा संपन्न करवाया।

### संयुक्त बैठक में मैदानी अमले को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

# जनगणना के प्रथम चरण भवन सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण भवन सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य का शुभारंभ आज से नगर क्षेत्र में विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सुचारू पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित किए जाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर शुक्रवार को नगर निगम प्रशासन द्वारा मैदानी अमले के लिए विशेष समन्वय बैठक का आयोजन एमआईसी सभागार में किया गया।

बैठक में विभिन्न वार्डों के सुपरवाइजर एवं वार्ड स्तर पर कार्यरत वसूलीकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान जनगणना कार्य में उपयोग किए जा रहे एचएलवी हैंड लिस्टिंग एवं वेरिफिकेशन संबंधी तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मैदानी स्तर पर कार्य करते समय आने वाली कठिनाइयों डेटा प्रविष्टि भवनों के वर्गीकरण मकान गणना परिवारों के सत्यापन तथा डिजिटल प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यपालन यंत्री एवं जोनल जनगणना चार्ज अधिकारी अंशुमान सिंह ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओंए आधारभूत संरचना विकासए शहरी नियोजन एवं संसाधनों के समुचित वितरण के लिए सटीक जनगणना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गणनाकर्मी पूर्ण जिम्मेदारीए संवेदनशीलता एवं तथ्यात्मकता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंए ताकि शासन को सही एवं अद्यतन आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

श्री सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सुपरवाइजरों एवं कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान करते हुए एचएलवी संचालन डाटा अपलोडिंग भवनों के चिन्हांकन एवं सर्वे प्रक्रिया से संबंधित तकनीकी समस्याओं का निराकरण कराया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा जानकारी छूटने न पाए तथा प्रत्येक भवन एवं मकान का व्यवस्थित रूप से सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।

## बुद्ध पूर्णिमा पर विचार संगोष्ठी का हुआ आयोजन




बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय मज़दूर संघ ने एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में गौतम बुद्ध के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं के द्वारा विचार व्यक्त किये गए। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष और जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल ने गौतम बुद्ध के विभिन्न उपदेशों पर अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि आज जब समाज जातिगत ध्रुवीकरण की ओर बढ़ रहा है,ऐसे समय में समरस समाज के निर्माण पर बुद्ध के द्वारा दिये गए उपदेशों पर चलने की नितांत आवश्यकता है। बुद्ध समाज में प्रचलित जाति प्रथा और भेदभाव की व्यवस्था के विरोधी थे और जातिविहीन समाज के पक्षधर थे। श्रीपटेल ने आगे कहा कि आज हमारा देश विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर है,ऐसे में सभी धर्म,पंथ,समुदायों के बीच समन्वय होना बहुत जरूरी हो गया है,तभी देश उन्नति की ओर अग्रसर हो सकेगा। आज जहाँ दुनियाँ में धार्मिक उन्माद मचा हुआ है ऐसे में ,गौतम बुद्ध के विचारों पर चलकर भारत दुनियाँ को शान्ति का संदेश देकर,नई ऊँचाइयों को छू सकता है। सरकार को चाहिये की बुद्ध के उपदेशों को पाठ्यक्रम में शामिल करे और इसका अधिक से अधिक प्रचार करे, तभी एक समरस समाज का निर्माण हो सकेगा और हम विश्वगुरु के स्थान को हासिल कर सकेंगे। इस अवसर पर बीएमएस विभाग प्रमुख नागेंद्र सिंह,जिला मंत्री विनोद पटेल,सहजिला मंत्री श्रीकांत, उपाध्यक्ष नवीन तिवारी,राज सिंह बड़े,सुरेश राठौर, गजेन्द्र तिवारी,विजय सिंह ठाकुर,मुकेश गौतम एवं अनेक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# तीन मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

तहसील क्षेत्र के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धरवारा मे प्रतिवर्ष मेधावी विद्यार्थियों को दिए जाने वाला ओ पी गर्ग पुरुस्कार कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती का पूजन अर्चना कर की गईं!जहां धरवारा हायर सेकंडरी स्कूल में तीन अलग- अलग संकाय में प्रथम स्थान पर आने वाले छात्र-छात्रा को 10-10 हजार रुपये की राशि दी गईं।ओ पी गर्ग पुरुस्कार सन 2025-26 के तहत कक्षा 12 वी के प्रतिभावान विद्यार्थी दीपक साहू, नीतेश यादव ओर कामना साहू को 10-10 हजार रुपये की राशि नगद व प्रशस्ति पत्र देकर हौसला बढाया गया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक ओपी गर्ग ने छात्रों से बात करते हुये प्रेरणादायक कहानियां बताते हुये जीवन में संघर्ष करने की सलाह दी ओर समस्या होने पर मार्गदर्शन लेने की शिक्षा दी साथ ही अगले वर्ष प्रतिभावान छात्रों को अपने साथ हवाई यात्रा से भ्रमण कराने के लिए कहा।

ओपी गर्ग ने ग्राम पंचायत द्वारा स्थापित की गई लाइब्रेरी पहुंचकर लाइब्रेरी की स्थापना किए जाने पर उपसरपंच अमित गर्ग की सराहना की! साथ ही लाइब्रेरी के लिए सभी अपेक्षित सहयोग देने की बात कही। उपसरपंच अमित गर्ग ने बताया कि यह लाइब्रेरी ओपी गर्ग जी की प्रेरणस्वरूप उनके द्वारा स्थापित की गई है जिसमें बच्चे ,ग्राम के अन्य लोग बैठकर अखबार, मैगजीन और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों का अध्ययन कर सकेंगे।

गौरतलब है कि ओ पी गर्ग इसी छोटे से गांव धरवारा में जन्मे थे जो अपनी पढ़ाई कर आगे मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक भी बने।सेवा निवृत्त पुलिस महानिदेशक ओ पी गर्ग ने गाँव मे शिक्षा को प्रोत्साहित करने ओपी गर्ग पुरुस्कार मेधावी विद्यार्थियों को देने का क्रम वर्ष 2018 से शुरू किया जो अनवरत जारी है।

## 6 उपार्जन केन्द्रों में अब तक हुई 611 मीट्रिक टन उपज की खरीदी

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में समर्थन मूल्य पर जिले में चना एवं मसूर का उपार्जन जारी है। उपार्जन हेतु जिले में स्थापित 6 केन्द्रों में अब तक 253 किसानों से 353.3 मीट्रिक टन चना एवं 138 किसानों से 257.8 मीट्रिक टन मसूर का उपार्जन किया जा चुका है। समर्थन मूल्य पर जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले में चना एवं मसूर का उपार्जन 28 मई तक किया जाएगा। जिले में चना के उपार्जन हेतु 4 हजार 624 जबकि मसूर के उपार्जन हेतु 1 हजार 619 कृषकों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। शासन द्वारा चना का समर्थन मूल्य 5875 रूपये प्रति क्विंटल और मसूर का 7 हजार रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

# पुलिस द्वारा मारपीट के विरोध में कलेक्ट्रेट के सामने किया धरना प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर के इंद्रा नगर में बीती 20 अप्रैल को बारात के दौरान हुई कथित पुलिस मारपीट की घटना ने अब तूल पकड़ लिया है। मामले को लेकर शुक्रवार को अजाक्स के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बारात के दौरान पुलिसकर्मियों एवं सादे कपड़ों में मौजूद उनके सहयोगियों द्वारा बेवजह मारपीट की गई, जिससे आम नागरिकों में भय और आक्रोश का माहौल बना है। इसी के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर धरना दिया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

धरना-प्रदर्शन में अजाक्स, भीम आर्मी, ओबीसी महासभा, भारतीय युवा शक्ति, बिरसा मुंडा आदिवासी महासभा, जयस तथा गोंडवाना सामाजिक उत्थान समिति सहित अन्य संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

प्रदर्शन के समापन पर शाम 5 बजे संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा गया जिसमें घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। इस पूरे घटनाक्रम ने जिले में कानून-व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर बहस छेड़ दी है, वहीं प्रशासन के सामने अब स्थिति को संतुलित करने की चुनौती खड़ी हो गई है।

### आंशिक संशोधन के साथ सर्व सम्मति से किया गया अंगीकार

# नगर निगम में वित्तीय वर्ष के लिए 89 लाख के लाभ का 617.05 करोड़ का बजट पेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम (वित्त एवं लेखा) नियम-2018 के आधार पर तैयार यह बजट शहर के विकास, जनसुविधाओं और राजस्व वृद्धि पर केंद्रित है। निगम ने इस वर्ष कुल 89.38 लाख रुपये के लाभ का 617.05 करोड़ का बजट तैयार किया है। जिसे आंशिक संशोधन के साथ सर्वसम्मति से अंगीकार कर लिया गया। बजट में आय और व्यय को प्रमुख रूप से चार भागों (राजस्व आय, राजस्व व्यय, पूंजीगत प्राप्ति और पूंजीगत व्यय) में विभक्त किया गया है।

### 616 करोड़ व्यय का अनुमान

राजस्व और पूंजीगत प्राप्ति को मिलाकर कुल 617.05 करोड़ (6170599000.00) रुपये की आय का अनुमान है। राजस्व और पूंजीगत व्यय को मिलाकर कुल 616.16 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। राजस्व आय (166.85 करोड़) में से राजस्व व्यय (153.77 करोड़) घटाने के बाद 13.08 करोड़ रुपये की बचत अनुमानित है। पूंजीगत व्यय (462.39 करोड़) के मुकाबले पूंजीगत प्राप्ति (450.20 करोड़) कम होने से 12.18 करोड़ रुपये का पूंजीगत घाटा अनुमानित है। बजट में सड़कों, जल प्रदाय और अधोसंरचना के लिए बड़ी राशि आवंटित की गई है। अमृत 1.0 और 2.0 के अंतर्गत कुल 131.20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें वाटर सप्लाई हेतु 52 करोड़ और सीवरेज कार्य हेतु 36 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### सड़क एवं नाली निर्माण कार्य

शहर में डामरीकरण के लिए 15 करोड़, सीमेंट सड़कों के लिए 14 करोड़ और नालियों के निर्माण के लिए 11 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री अधोसंरचना (चतुर्थ चरण) के लिए 8 करोड़ रुपये रखे गए हैं।
शासकीय स्कूलों में सुधार हेतु शिक्षा उपकर से 6.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल मैदानों हेतु 2.50 करोड़ और खेल प्रतियोगिताओं के लिए बजट बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दिया गया है। शहर में सुरक्षित यातायात के लिए मल्टीलेवल पार्किंग हेतु 2 करोड़ और कटनी सैंड स्टोन से प्रवेश द्वार निर्माण हेतु 3 करोड़ रुपये का प्रावधान है।
बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सौर ऊर्जा के लिए 3 करोड़ रुपये का प्रावधान है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न कार्यों के लिए 1 करोड़ रुपये रखे गए हैं। गरीबों के लिए मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों हेतु 5 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। पार्क, स्विमिंग पूल और जिम निर्माण हेतु 2.50 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।
निगम ने अपनी वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए संपत्तियों की नीलामी और कर वसूली पर ध्यान केंद्रित किया है। कलेक्ट्रेट के सामने वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स और भूखंडों की नीलामी से 40 करोड़ रुपये की आय का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अर्धनिर्मित **LIG/MIG** भूखंडों के विक्रय से 50 करोड़ रुपये प्राप्त होने की उम्मीद है। ट्रांसपोर्ट नगर के भूखंडों के प्रीमियम से 12 करोड़ रुपये की आय अनुमानित है।
स्थापना और प्रशासनिक खर्चनिगम के कर्मचारियों के वेतन, महंगाई वृद्धि और सेवानिवृत्त लाभों (स्थापना व्यय) के लिए 55.93 करोड़ रुपये का प्रावधान है, जो कुल राजस्व आय का 33.52 प्रतिशत है। इसके अलावा, भवनों के बिजली बिल, विज्ञापन, ईंधन और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए 19.09 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## तेज हवाओं से उड़ गये छप्पर, पेड़ धराशायी

**स्लीमनाबाद।** शुक्रवार को भी मौसम के मिजाज में तब्दीली नजर आई जहां तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चली व आसमान में काले बादलों की उमड़-घूमड़ और रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। बिजली गुल हो जाने के कारण कई घंटों तक लोग परेशान रहे। वहीं रिमझिम बारिश होने से हवाओं में नमी बन आई है जिससे लोगों ने झुलसभरी गर्मी से राहत महसूस की। स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में शुक्रवार की शाम तेज आंधी के साथ रिमझिम बारिश हुई। जिसके कारण लोगों को गर्मी तथा उमस से कुछ पल के लिए राहत मिली और हवाओं के कारण तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई घंटों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। बारिश होने से ग्रीष्मकालीन मूंग व उड़द की फसल को संजीवनी मिल गई।सिंचाई के अभाव मैं सूख रही फसलो को हुई हल्की बारिश ने किसानों को राहत दी है। गौरतलब है कि क्षेत्र मे जलस्तर की कमी व विद्युत कटौती के फेर में सिंचाई न होने से ग्रीष्मकालीन फसले सूखने की कगार पर पहुँच चुकी थी। शुक्रवार को शाम अचानक बदले मौसम से जनजीवन प्रभावित हुआ।तेज तूफान के चलते तहसील क्षेत्र में कई स्थानों मैं पेड़ गिरे व टीन _छप्पर उड़े।




हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर
मो. 9479623424, 9340637789

खबर संक्षेप

## शत-प्रतिशत स्व-गणना कार्य पूर्ण

**दमोह।** यदि लोगों को प्रेरित करने का प्रयास किया जाए तो निश्चित रूप से सफलता मिलती है इसको सच कर दिखाया हटा तहसील के एचएलबी 106 उदयपुरा के प्रगणक योगेंद्र पाठक ने जिनकी एचएलबी में कुल 133 आवास हैं, जिनमें से 44 आवास गैर आवासीय हैं एवं 89 आवासीय हैं, जिसमें 108 परिवार निवासरत है। योगेंद्र पाठक ने बताया कि प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर प्रताप नारायण यादव एवं चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार डॉ. आलोक जैन के प्रोत्साहन राज्य मास्टर ट्रेनर एवं डीपीसी मुकेश द्विवेदी, फील्ड ट्रेनर एवं सुपरवाइजर माधव पटेल, दिनेश प्यासी के कुशल निर्देशन में एचएलबी के युवाओं को एकत्रित कर उनके साथ बैठक की एवं उन्हें स्व-गणना करने के लिए प्रेरित किया जिसका सकारात्मक परिणाम यह रहा कि प्रत्येक घर के युवा द्वारा अपने मोबाइल से अपनी जनगणना संबंधी जानकारी स्व-गणना के माध्यम से स्वयं के द्वारा पूर्ण की गई एवं एचएलबी 106 उदयपुरा जिले की ऐसी पहली एचएलबी बनी जिसमें आवासीय मकानों का शत-प्रतिशत स्व- गणना का कार्य किया गया।

## महिला ने एक साथ तीन बच्चों को दिया जन्म, सात बच्चों की मां बनी कंचन

**पन्ना।** जिले की गुनौर तहसील अंतर्गत सलेहा क्षेत्र के ग्राम उजनेही से एक आश्चर्यजनक खबर सामने आई है। यहां 34 वर्षीय कंचन सोनी, पति रमेश सोनी ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। खास बात यह रही कि तीनों बच्चों का जन्म सामान्य प्रसव से हुआ और सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं। जानकारी के अनुसार, प्रसव पीड़ा होने पर परिजन कंचन सोनी को जिला अस्पताल पन्ना लेकर पहुंचे, जहां जांच के दौरान डॉक्टरों ने उनके गर्भ में तीन शिशु होने की पुष्टि की। स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया। सतना जिला अस्पताल में 26 अप्रैल की रात कंचन सोनी ने दो बेटों और एक बेटी को जन्म दिया। डॉक्टरों के अनुसार तीनों नवजातों का वजन 2 किलो से अधिक है और सभी स्वस्थ हैं। जच्चा भी पूरी तरह सुरक्षित है। बताया जा रहा है कि कंचन सोनी पहले से चार बच्चों की मां हैं, जिनकी उम्र 11, 9, 7 और 5 वर्ष है। अब तीन और बच्चों के जन्म के साथ ही परिवार में खुशियों का माहौल है और वह सात बच्चों की मां बन गई हैं। अस्पताल स्टाफ ने इसे सामान्य प्रसव से हुआ एक दुर्लभ और सफल मामला बताया है।

### जिला स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की समीक्षा बैठक में दिये अहम निर्देश

# अधिकारीगण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जहां कमियां है वहां आपसी समन्वय के साथ ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए। सभी अधिकारियों को एक टीम भावना, पूर्ण समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के अठया एवं महिला बाल विकास विभाग सहायक संचालक अनिल जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

#### मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

कलेक्टर श्री यादव ने कहा चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आरके अठया ने मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन मध्य एवं गंभीर एनीमिक तथा गर्भावस्था दौरान उच्च रक्तचाप से पीड़ति महिलाओं की पहचान व प्रबंधन तथा चार एएनसी सेवाओं की जानकारी से अवगत कराया गया।

#### हितग्राही सेवाओं में सुधार के निर्देश

कलेक्टर श्री यादव ने कहा जिन हितग्राहियों के बैंक खाते या ई-केवाईसी लंबित हैं उनकी सूची सीडीपीओ एवं पंचायत सचिव के साथ आपस में साझा की जाए ताकि समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। जिससे सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए सीबीएमओ, महिला बाल विकास विभाग एवं पंचायत सचिव के साथ एक बैठक कर जानकारी को साझा करें।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विक्रांत चौहान द्वारा जानकारी दी गई की 88 प्रतिशत किशोरियों का एचपीवी का टीकाकरण पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने किशोरियों का टीकाकरण हेतु स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग को समन्वित कार्ययोजना बनाकर शीघ्र लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया कि ग्रामों में टीवी की सक्रिय स्क्रीनिंग की जा रही है। 24 मार्च से 30 अप्रैल तक 5834 हितग्राहियों की स्क्रीनिंग एवं 1063 व्यक्तियों की चेस्ट एक्स-रे जांच की जा चुकी है एक्स-रे मशीन में तकनीकी समस्या के कारण जांच प्रभावित हुई है, इस बारे में भोपाल स्तर पर अवगत करा दिया गया है।

#### आयुष्मान कार्ड निर्माण में गति लायें

कलेक्टर श्री यादव ने श्रम विभाग से समन्वय कर विभिन्न श्रेणियों में सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सके।

#### पोषण एवं आंगनबाड़ी सेवाएं

कलेक्टर श्री यादव ने कुपोषित कम वजन बच्चों को एनआरसी में भर्ती कर उपचार सूचित करने के निर्देश दिए उन्होंने सीडीपीओ को निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन हो, बच्चों का वजन एवं मापन कर पोषण ट्रेकर में समय पर प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री यादव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैदानी स्तर पर नियमित निगरानी रखें और योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग से सभी खंड मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी बीसीएम, बीसीएम एवं महिला बाल विकास के सीडीपीओ सहित स्वैच्छिक संगठन अंतरा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और संवेदना ही सच्ची मानवता

**दमोह।** 1 मई मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर पंजाबी महिला विकास समिति दमोह द्वारा श्रमिक भाई बहनों के बीच आवश्यक सामग्री जैसे वस्त्र ठंडा पानी कोल्ड ड्रिंक स्लिपर्स आदि का वितरण किया गया समिति ने अवसर पर



सेवा और मानवीय संवेदनाओं का एक बहुत ही सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। यह सब सफर समिति के सदस्यों ने उनके साथ कुछ वक्त बिताया और उनकी समस्याएं सुनी और उन्हें दूर करने का आश्वासन भी दिया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए 1 मई को विश्व चिड़िया दिवस की उपलक्ष में शहर के निजी पार्क में पक्षियों के लिए स्कोर रखे गए तथा नागरिकों को भी स्कोर वितरित किए गए जिससे कि पक्षियों के लिए दाना पानी और जल रख सके और उनको इस काम के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित रख सके और और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर सके। इस अवसर पर समिति की चेयरपर्सन रितु दुआ अध्यक्ष सोनिया अरोरा सेक्रेटरी शुची अरोरा ,मनप्रीत, मनमीत,शिल्पा आदि कई सदस्यों की गरिमा मयी उपस्थिति रही।

## मजदूर दिवस पर लीनेस मैत्री क्लब की सराहनीय पहल



**दमोह।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के पावन अवसर पर लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा शहर के श्रमिकों के सम्मान में गमछा एवं टोपी का वितरण कर एक प्रेरणादायक सेवा कार्य संपन्न किया गया। इस आयोजन के माध्यम से क्लब ने समाज के मेहनतकश वर्ग के प्रति अपनी संवेदनशीलता, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रिंसी जैन के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष रजनी खरे ने कहा कि मजदूर हमारे समाज की वास्तविक शक्ति हैं और उनके अथक परिश्रम से ही हमारे जीवन की नींव मजबूत होती है। मजदूर दिवस हमें उनके योगदान, अधिकारों और सम्मान को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। प्रदेश डायरेक्टर रोजी बग्गा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मजदूरों की मेहनत देश की प्रगति का आधार है और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हमें निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने इसे मजदूरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक छोटा लेकिन सार्थक प्रयास बताया। वहीं, ज्योति सचदेवा ने कहा कि मजदूर दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि उन अनगिनत मेहनती हाथों को सलाम करने का अवसर है, जो समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मजदूरों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्यों ने श्रमिकों से संवाद स्थापित कर उनके कार्य के प्रति सम्मान प्रकट किया। इस पहल को सभी उपस्थितजनों ने सराहा और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर स्मृति खरे, रिम्मी जुनेजा, तनु सुरेखा, सारिका टंडन, राखी चोपड़ा, अंशुल शर्मा, डिंपल शर्मा और माया यादव सहित अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और श्रमिकों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया।

## श्रम पदाधिकारी को दी भावभीनी विदाई



**दमोह।** शासकीय श्रम विभाग, दमोह में पदस्थ श्रम पदाधिकारी घनश्याम दास गुप्ता (सुहाने) के सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार, 30 अप्रैल 2026 को विभागीय कार्यालय में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गुप्ता जी के दीर्घ, निष्कलंक और समर्पित सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें पुष्पमालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान कार्यालय परिसर में आत्मीय वातावरण देखने को मिला। सहकर्मियों ने गुप्ता जी के साथ बिताए अनुभव साझा करते हुए उनके सरल स्वभाव, अनुशासन और कार्य के प्रति निष्ठा की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। श्रम विभाग की सहायक पदाधिकारी पूजा अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि “हम सब एक परिवार की तरह साथ काम करते थे, आज परिवार का एक अहम सदस्य हमसे अलग हो रहा है, जिसकी कमी हमेशा महसूस होगी। वहीं धर्मेन्द्र चौबे ने कहा कि “हर कर्मचारी के जीवन में एक समय ऐसा आता है जब उसे सेवानिवृत्ति लेनी पड़ती है, लेकिन अपने सेवाकाल में गुप्ता जी ने जिस ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों में पूजा अवस्थी, आशा, राहुल कुर्मी, मंजूषा, स्वाती राज, कमलेश, हिमांशु, अभिषेक सिंघई, धीरज शुक्ला, अरविन्द चौबे, विकास तिवारी, यशवंत और धर्मेन्द्र चौबे सहित अन्य स्टाफ शामिल रहे। सभी ने गुप्ता जी को भावभीनी विदाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की। समारोह के अंत में गुप्ता जी ने भी सभी सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि विभाग में मिला सहयोग और स्नेह उनके जीवन की अमूल्य पूंजी रहेगा। यह आयोजन न केवल एक कर्मचारी की विदाई का अवसर था, बल्कि उनके योगदान और सेवाओं को सम्मान देने का भी एक भावनात्मक पल बन गया।

## एकता परिषद ने मजदूर दिवस मनाया



**हिण्डोरिया।** जन संगठन एकता परिषद के बैनर तले आदिवासी जनसंख्या बाहुल्य ग्राम ढौंडा.मे अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। साथ ही एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रन सिंह परमार को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। इस मौके पर एकता परिषद संगठन के जिला अध्यक्ष सुजात खान ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के आयोजन के उदेश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री खान ने कहा कि आज भी गरीब, वंचित, आदिवासी भयंकर भय भूख, गरीबी, बेकारी, पलायन एवं अराजकता की स्थिति में अपना जीवन जीने मजबूर हैं। शासन- प्रशासन की कुव्यवस्था एवं मशीनों ने विशेष कर मजदूर वर्ग के समक्ष आज रोजी-रोटी की विकराल समस्या पैदा कर दी है। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि गावों मे एक ओर जहाँ काम के लिये बडे.पैमाने पर पलायन जारी है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर मजदूरों को समय पर काम एवं सही दाम नही मिल पा रहा है। अयोध्या प्रसाद ने बताया जिले मे खेतिहर मजदूरों, निर्माण मजदूरों एवं बीड़ी मजदूरों का भारी शोषण- दमन जारी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे गाँव के मजदूर, महिला, पुरुष एवं बच्चे मौजूद रहे।

## श्रमिक दिवस पर आयोजित की संगोष्ठी



**तेन्दूखेड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर ग्रामीण विकास समिति तेंदूखेड़ा द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों के साथ-साथ क्षेत्र के विभिन्न श्रमिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संगोष्ठी के दौरान 1 मई श्रमिक दिवस के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। यह दिवस श्रमिकों के अधिकारों, सम्मान और उनके योगदान को पहचान देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। साथ ही श्रमिकों को उनके अधिकारों, कार्यस्थल की सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी भी दी गई। ग्रामीण विकास समिति के प्रतिनिधि धरमदास पाल ने कहा कि श्रमिक समाज की रीढ़ हैं, उनके बिना विकास की कल्पना अधूरी है। श्रमिक दिवस की शुरुआत हेमार्केट आंदोलन से मानी जाती है। 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों ने 8 घंटे काम की मांग को लेकर आंदोलन किया था। इस आंदोलन में कई मजदूरों ने अपनी जान भी गंवाई। भारत में पहली बार मजदूर दिवस 1923 में चेन्नई में मनाया गया था। इसे कामगार दिवस, मई दिवस भी कहा जाता है। इसके बाद 1 मई को श्रमिकों के अधिकारों के लिए समर्पित दिन के रूप में मनाया जाने लगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने श्रमिकों के सम्मान और उनके हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस दौरान रामप्रसाद केवट, मोहित, भागचंद, रुकमन ठाकुर, आनंदरानी, ज्योति राव, प्रियंका साहू, सुषमा यादव, नीरज यादव, अमित पटेल, राजेश राव आदि शामिल रहे।

## भाजपा कार्यालय में हुई भाजपा किसान मोर्चा की बैठक



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के ऊर्जावान , कर्मठ कार्यकर्ता नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप अवस्थी जी का प्रथम नगर आगमन हुआ ,प्रदीप अवस्थी जी विगत 10 वर्षों से लगातार पार्टी के विभिन्न दायित्वों में रह चुके है , संगठन की विचारधारा से जुड़े हुए है , प्रदीप अवस्थी जी का पार्टी कार्यालय में मोर्चो के पदाधिकारियों द्वारा उत्साह के साथ अभिनंदन किया गया , संगठन रीति नीति के अनुसार सबसे पहले दीप प्रज्जलन उपरांत भारत माता का मल्यार्पण किया गया , तत्पश्चात पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर तिलक करके माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रदीप अवस्थी को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर मिठाई खिलाकर पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया , प्रदीप अवस्थी जी द्वारा सभी पदाधिकारियों से व्यक्तिगत परिचय किया गया और भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चे के विषय पर प्रकाश डाला , मोर्चो के महत्वपूर्ण उद्देश्यों पर अपने विचार प्रकट किए तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर कार्य करने और संगठन की रीति नीति से अनुशासन में रहकर किसानों के हित में निर्णय लेने संबंधी निर्देश दिए गए , कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पदाधिकारियों में शैलेंद्र सिंह राजपूत , रूप सिंह यादव , महेंद्र यादव , राम भुवन मिश्रा ,प्रहलाद गौतम , राकेश कुमार सोनी , कमलेश पांडेय , शिव ॐ चनपुरिया , ऋतुराज सिंह , शंकर दयाल द्विवेदी , राम शिरोमणि मिश्रा , अंगद सिंह यादव ,आनंद लोधी, श्रीमती कमलेश राजे बुंदेला , श्रीमती अमृता खरे , राजकिशोर मिश्रा , मुकेश साहू एवं अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे , सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विषय प्रदीप अवस्थी जी से साझा किए और जमीनी स्तर पर पार्टी और कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया , कार्यक्रम के अंत में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला मंत्री शिव ॐ चनपुरिया के द्वारा सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया और सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

## भाजपा के संगठनात्मक मंडल प्रभारी घोषित

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे तथा जिला प्रभारी श्रीमती अर्चना सिंह की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे द्वारा जिले के सभी मंडलों के संगठनात्मक मंडल प्रभारी घोषित किए। जिसमें रानी दमयंती नगर मंडल में श्रीमती सुमन उपाध्याय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल में रानू नामदेव, अभाना मंडल में भारत सिंह लोधी, बांदकपुर मंडल में महेश पटेल, बांसा तारखेडा मंडल में सुरेश पटेल, पथरिया नगर मंडल में मनीष सोनी, पथरिया ग्रामीण मंडल में अरुण तिवारी, नरसिंहगढ़ मंडल में देवकीनंदन कुर्मी, सदगुंवा मंडल में अमित बजाज, बटियागढ़ मंडल में लक्ष्मण तिवारी, फतेहपुर मंडल में अरविंद उपाध्याय, जबेरा मंडल में राघवेंद्र सिंह परिहार, नोहटा मंडल में भरत यादव, बनवार मंडल में रूपेश सेन, सिंग्रामपुर मंडल में प्रिंस जैन, तारादेही मंडल में सुश्री विनीता कुलस्ते, तेंदूखेड़ा मंडल में मनीष तिवारी, तेजगढ़ मंडल में संजय यादव, हटा नगर मंडल में रामेश्वर चौधरी, हटा ग्रामीण मंडल में करन सिंह लोधी, मडियादों मंडल में कपिल शुक्ला, कुम्हारी मंडल में चंद्रभान पटेल, पटेरा मंडल में संजय सेन एवं हिंडोरिया मंडल में श्रीमती श्यामा उरैती को संगठनात्मक दृष्टि से मंडल प्रभारी बनाया गया है। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने सभी नवनियुक्त मंडल प्रभारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने की आशा व्यक्त की है।

## बाल्यकाल के संस्कार काम आते है जीवन भरः पं. वीरेंद्र शास्त्री





**हटा।** भगवान की सच्ची भक्ति का सर्वोत्तम अभ्यास बाल्यावस्था में ही प्रारंभ होना चाहिए, क्योंकि यही वह समय होता है जब मन निर्मल, निष्कलुष एवं सहज रूप से प्रभु के चरणों में समर्पित हो सकता है। उन्होंने कहा कि बाल्यकाल में दिए गए संस्कार मनुष्य को जीवन भर काम आते हैं उक्त वक्तव्य नगर की सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला में पन्या परिवार द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा व्यास पंडित वीरेंद्र शास्त्री जी महाराज ने व्यक्त किए उन्होंने कहा कि यदि इस अवस्था में बालकों को धर्म, भक्ति, सत्संग एवं श्रीहरि के नाम का संकीर्तन सिखाया जाए, तो उनका जीवन सदैव धर्ममय एवं कल्याणकारी बनता है। उन्होंने भक्तों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को प्रारंभ से ही ईश्वर भक्ति एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ें, पांच वर्ष तक के बालकों का स्वभाव संतो जैसा होता है और बच्चों का मन बड़ा ही निर्मल होता है निर्मल मन में भगवान का ध्यान बहुत ही जल्दी लगता है। महाराज जी ने कथा में आगे वर्णन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति संस्कारों के कारण समृद्ध और सतत है हमारे यहां संस्कारों की प्रधानता है जो माता पिता अपने बच्चों को संस्कार नहीं दे पाते वे माता पिता कहलाने के अधिकारी नहीं है संतति उत्पन्न तो पशु पक्षी भी करते है परंतु हम मनुष्य है संस्कार पीढ़ी दर पीढ़ी चलते जाते है संतान पैदा करना और उसे संस्कारवान बनाना आसान काम नहीं है। संतान का पालन पोषण और संस्कारवान बनाने के लिये माता पिता को बहुत त्याग करना पड़ता है। यह होता है देवभूमि भारत में पश्चात देशों में इस प्रकार के संस्कारों को कोई स्थान नहीं है वहां विवाह जैसे पवित्र संस्कारों को कांटेक्ट माना जाता है जबकि हमारे यहां यह पवित्र संस्कार होता है।

## प्रधान अध्यापक कोदू सिंह की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

### घर को बनाया कृषि फार्म, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने लगाए 200 सागौन के पौधे बने पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ़



गुरुवार को शासकीय प्राथमिक शाला हिनौती सर्रा में पदस्थ रहे प्रधान अध्यापक कोदू सिंह का सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.41 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति पर गरिमामयी कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जनों द्वारा गाजों बाजों के साथ विदाई दी गई. बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित क्षेत्र के मंत्री के पिता भाव सिंह लोधी ने कहा कि शिक्षक हमेशा सम्मान का पात्र होता है उन्होंने कहा कि कोदू सिंह ने जीवन पर्यंत पूर्ण ईमानदारी और लगन के साथ शिक्षा के क्षेत्र में जो काम किया है वह अतुलनीय है, मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और वह सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षा की अलग जगती रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी ने भी शिक्षक कोदू सिंह के सेवा काल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह बहुत ही अच्छे शिक्षक रहे हैं उनकी कार्यशैली आज का यह कार्यक्रम बताती है, सेवा मे न होने पर भी वह समाज की सेवा में अपना योगदान देते रहें. राजेश ठाकुर और विष्णु विश्वकर्मा के द्वारा शिक्षक के सम्मान में विदाई गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये. शिक्षक के विदाई सम्मान में मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह ,भारत सिंह लोधी, सरपंच राजेंद्र सिंह, जनपद सदस्य लोकपाल सिंह लकी ठाकुर, दीपचंद सिंघई, मनोहर सिंह ठाकुर, आनंद जैन सचिव ने भी अपने विचार व्यक्त किये.कार्यक्रम का रसमय कवित्तमय भाव विभोर संचालन महेंद्र कुमार दीक्षित जनसेवी ने किया. आभार प्रदर्शन तुलसीराम सहायक सचिव के द्वारा किया गया. इस अवसर पर उनके परिवार जन, एवं रिश्तेदार पूरे समय मौजूद रहे. कार्यक्रम में धनगौर सरपंच द्वारिका सिंह पूर्व सरपंच अमान सिंह ,पूर्व सरपंच सुनील सिंह ,भगवत सिंह मासाब, बारी बाई धुर्वे ,लक्ष्मी सोनी, बृजमोहन राजपूत , धरम्चंदजैन रोशन सिंह ,हेमंत मेहरा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं ग्रामीण जन तथा छात्र मौजूद रहे उक्त विदाई समारोह कई वर्षों तक याद किया जाएगा साथ ही शिक्षक द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के 200 से अधिक सागौन के पौधे रोपे किए हैं।

**खबर संक्षेप**

## निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ

**दमोह।** पारस नाथ महिला जैन मिलन टंडन बगीचा शाखा क्रमांक 10 के द्वारा आज निःशुल्क प्याऊ गायत्री गेट पर शुभारंभ किया गया। सभी को जीव दया के प्रति जागरूक करते हुए अपने अपने घरों में पशु और पक्षियों के लिए पानी रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्य में वीरांगना रेखा अध्यक्ष, वीरांगना श्रद्धा मंत्री, वीरांगना नीलू सहमंत्री, वीरांगना सपना कोषाध्यक्ष, वीरांगना सारिका सह कोषाध्यक्ष , प्रचार मंत्री निधि सराफ, अमिता, प्रीति, संगीता बजाज, सरिता, संगीता, सारिका, वंदना, माया, कविता, विनीता, प्रमिला, सभी की उपस्थिति रही।

## बुद्ध वंदना कर मनाई बुद्ध जयंती

**दमोह।** वैशाख पूर्णिमा के दिन जन्में विश्व शांति के महामानव गौतम बुद्ध की जयंती भारतीय बौद्ध महासभा के नेतृत्व में मनाई गई। महासभा के अध्यक्ष महेन्द्र बौद्ध द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डाला और उम्मीद की गई कि विश्व को युद्ध की नहीं बुद्ध की जरूरत है। महासभा द्वारा गौतम बुद्ध की आंबेडकर चौक दमोह में बुद्ध वंदना पंचशील एवं समापन गया का पाठ किया गया। कार्यक्रम में महासभा के पदाधिकारी एचएल अहिरवार, महासचिव पन्नालाल रोहितास, नरोत्तम दीन, मुकेश अहिरवार, डीपी बाबू, डीपी वर्मा, जोगेन्दर प्रसाद, राकेश अहिरवार, एलपी सूर्यवंशी, प्रकाश झारिया, बद्री प्रसाद, झलकन प्रसाद, वीरेन्द्र जाटव सहित बौद्ध अनायायियों द्वारा अंबेडकर चौक पर उपस्थित होकर बुद्ध जयंती मनाई।

### मौसम ने ली करवट, तेज आंधी तूफान ने मचाई तबाही, बिजली व्यवस्था से लोग परेशान

# कुदरत का कहरः आंधी-तूफान और बारिश से मची तबाही, कई जगह पेड़ गिरे, बाइकें उड़ीं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बनवार अंचल सहित खमरिया क्षेत्र में शुक्रवार की शाम 6:00 बजे अचानक बदले मौसम ने जमकर तबाही मचा दी। तेज आंधी-तूफान और बारिश ने कुछ ही मिनटों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। हालात ऐसे बने कि घरों के टीन शेड, खप्पर-छप्पर और दरवाजे तक हवा में उड़ते नजर आए, वहीं बाहर खड़ी बाइकें पत्तों की तरह उखड़कर सड़कों पर बिखर गईं।

तूफान का सबसे ज्यादा असर बनवार बस स्टैंड पर देखने को मिला, जहां एक विशालकाय नीम का पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ गिरने से कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। बाद में स्थानीय लोगों ने कुल्हाड़ियों की मदद से पेड़ को काटकर रास्ता साफ किया, तब जाकर आवागमन बहाल हो सका।वहीं बनवार चौकी के आगे ऑटो पार्ट्स की दुकान के सामने भी एक पेड़ टूटकर गिर गया। खमरिया स्थित हनुमान मंदिर के पास पुजारी की झोपड़ी पर भी पेड़ गिरने की घटना सामने आई। गनीमत रही कि इस पूरे घटनाक्रम में कोई जनहानि नहीं हुई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बनवार से लेकर खमरिया तक करीब आधे घंटे तक तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई, जिसने पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना दिया। अचानक आए इस तूफान से लोग अपने घरों में ही सहम गए और दहशत का माहौल बन गया।

वहीं रोड बम्होरी अंचल में भी तेज हवाओं के साथ कुछ देर के लिए बारिश हुई, लेकिन यहां तूफान की तीव्रता अपेक्षाकृत कम रही, जिससे किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

तूफान के चलते बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह ठप हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बनवार वस स्टैंड पर तेज आंधी-तूफान से घरों को भारी नुकसान हुआ है जिसमें टीन शेड, दरवाजे और छप्पर उड़कर गिरे हालत इतने भयानक थे कि तूफान बारिश थमते देखा तो लोगों को सड़क पर बिखरी बाइकें मिली बस स्टैंड पर नीम का विशाल पेड़ गिरने से यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा कई स्थानों पर पेड़ टूटने की खबरें मिल रही है पेड़ गिरने से बनवार में केबिल टूट गई तो बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है मौसम के इस अचानक बदले रौद्र रूप ने बनवार-खमरिया क्षेत्र में दहशत फैला दी। राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन नुकसान और भय का माहौल लोगों के बीच स्पष्ट रूप से देखा गया।

## अचानक बदले मौसम से जनजीवन प्रभावित



सिंग्रामपुर। सिंग्रामपुर कुसमी मानगढ़ क्षेत्र में गुरुवार शाम मौसम ने अचानक करवट ले ली। आसमान में घने बादलों के बीच तेज आंधी-तूफान और गरज-चमक के साथ करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। तेज हवा और बारिश के कारण सिंग्रामपुर एवं कुसमी मानगढ़ क्षेत्र में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई। आंधी के चलते विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई, जिससे पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया और लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार दोपहर से ही आसमान में बादल छाए हुए थे और मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे थे। शाम होते-होते तेज हवाओं के साथ गरज-चमक और बारिश शुरू हो गई, जिससे कुछ समय के लिए अंधेरा छा गया। मौसम परिवर्तन का सबसे अधिक असर गेहूं उपार्जन केंद्रों पर देखने को मिला। कुसमी मानगढ़ कोडा, पोड़ी और आसपास के क्षेत्रों में किसानों ने अपनी उपज को बारिश से बचाने के लिए तुरंत तिरपाल ढककर गेहूं सुरक्षित किया। कई जगह किसान भागदौड़ करते नजर आए। अचानक हुए मौसम बदलाव ने जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर विद्युत आपूर्ति और दैनिक जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया।

## अस्पताल में वीडियो बनाने को लेकर उपजा विवाद, दोनों पक्ष पहुंचे थाने



**हटा।** सिविल अस्पताल हटा में दोपहर मरीज को लेकर इलाज कराने पहुंचे परिजनों द्वारा ड्यूटीरत डॉक्टर न होने के चलते वीडियो बनाए जाने को लेकर अस्पताल के कर्मचारीयों व परिजनों के बीच बादविवाद होते हुए मारपीट हो गई जिसके उपरांत दोनों पक्ष पुलिस थाने पहुंचे जहां थाना प्रभारी की अनुपस्थिति में पुलिस स्टाफ के समक्ष दोनों पक्षों के आपसी सहमति से कार्यवाही न करने का लिखित में आवेदन देकर मामला रफा दफा हो गया। दरअसल शुक्रवार की दोपहर प्रेमपुरा निवासी भानु पिता दिलीप सींग ठाकुर एवं बिट्टू ठाकुर अपने भाई की तबीयत खराब के चलते इलाज कराने सिविल अस्पताल पहुंचे जहां पर ड्यूटी डॉक्टर न मिलने पर वीडियो बनाने लगे जिसको लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया और विवाद इतना बड़ा की मरीज के भाई के साथ कर्मचारियों द्वारा मारपीट कर दी और सभी कर्मचारी एवं डाक्टर एकत्रित होकर बीएमओ डॉक्टर यूएस पटेल के साथ शिकायत दर्ज कराने पुलिस थाना पहुंच गए जहां घंटों बाद दोनों पक्षों द्वारा आपसी समन्वय बनाते हुए कार्यवाही न करने पुलिस के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया जिससे मामला रफा दफा हो गया।

## रकम चुकाने पर भी किराना व्यापारी द्वारा जेवर न देने पर मामर्ला दर्ज

**हटा।** नगर की बस स्टैंड समिति स्थित किराना व्यापारी द्वारा एक किसान के गिरवी रखे सोने के जेवरात पैसे चुकता किया जाने के बावजूद भी गहने वापस न करने व धमकी देते हुए गाली गलौज कर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है जिसकी पीड़ित द्वारा हटा पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रुसल्ली गांव निवासी अजय पिता रमाकांत कुसमया द्वारा शादी में पैसों की जरूरत को लेकर अपनी पत्नी के सोने के टॉप्स एवं मंगल सूत्र लगभग एक तोला वजन का 15 हजार रूपए में बस स्टैंड के समीप पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने किराना दुकानदार राहुल जैन एवं अनिकेत उर्फ चुंगा के पास गिरवी रख दिए और दो दिन बाद गिरवी रखे जेवर उठाने पहुंचा जिसके व्यास सहित 16000 रुपया चुकता कर दिए लेकिन उसके बाद वह 40 हजार की मांग करने लगा और दुकानदार द्वारा पीड़ित के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई जिससे आहत होकर पीड़ित ने पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई जहां हटा पुलिस ने आरोपी राहुल जैन अभिषेक उर्फ चुंगा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 316(3), 296(b),115(2), 351(2), 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

## नगर पालिका पेंशनर संघ के चुनाव संपन्न

**दमोह।** 1 मई 2026 को ऐसा जगदीश यादव द्वारा बताया गया कि वर्ष 2026 - 27 हेतु नगर पालिका पेंशन संघ के चुनाव नगर पालिका टाउन हॉल स्थित शिव मंदिर परिसर में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से द्वारका प्रसाद सेन पुन को अध्यक्ष चुना गया एवं जगदीश यादव को सचिव चुना गया जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा अध्यक्ष एवं सचिव को तिलक लगाकर फूल मालाये पहनाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में इमदाद हुसैन, मनोहर लाल चैरसिया, कमलेश दुबे, मुन्नी लाल विश्वकर्मा, प्रेम सिंह ठाकुर, रघुनाथ, श्रीमती सावित्री बाई, श्रीमती भगवती बाई, श्रीमती मुन्नीबाई, श्रीमती आशा रानी, श्रीमती सुमंत्रा, श्रीमती प्रेम भाई, श्रीमती राम भाई एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे सभा के अंत में सभी सदस्यों का जगदीश यादव द्वारा आभार व्यक्त कर सभा का समापन किया गया।

## जबेरा सांदीपनि विद्यालय में कृषि संकाय हुआ प्रारंभ

**जबेरा।** नगर एवं आसपास के संपूर्ण क्षेत्र की जनता की बहु प्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा नगर के शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2026 - 27 से कृषि संकाय प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। ज्ञात हो कि लगभग 40 वर्ष पूर्व जबेरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से कृषि संकाय को विषय शिक्षक की अनुपलब्धता के कारण बंद कर दिया गया था। कृषि संकाय के बंद होने से जबेरा एवं आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कृषि संकाय के बंद होने के कुछ समय बाद से ही क्षेत्र की जनता के द्वारा कृषि संकाय पुनः प्रारंभ करने हेतु मांग की जा रही थी। क्षेत्र की जनता की बहु प्रतीक्षित मांग को प्रमुख रूप से शासकीय सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य उपप्राचार्य एवं समस्त स्टाफ व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं मंत्री सांसद विधायक के समक्ष यह मांग प्रमुख रूप से रखी जा रही थी । परिणाम स्वरूप इसी सत्र से विद्यालय में कृषि संकाय प्रारंभ करने की अनुमति शासन स्तर से मिल चुकी है जिससे क्षेत्र की जनता में उत्साह है। नगर का सांदीपनि विद्यालय नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है । विद्यालय में कृषि संकाय प्रारंभ होने की जानकारी मिलते ही सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन ,मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, राजेश सिंघई ,रवि शंकर बाजपेई विनोद मलैया आदि के द्वारा विद्यालय के प्राचार्य संजय बाजपेई एवं समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि आप सबके संयुक्त प्रयासों से ही वर्षों पुरानी लंबित मांग पूरी हुई है इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

### वैशाख पूर्णिमा पर जागेश्वरनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सागर

# बूढ़े बाबा रूप में सजे जागेश्वरनाथ महादेव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

वैशाख पूर्णिमा के पावन पर्व पर दमोह जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर में शुक्रवार को भक्ति और श्रद्धा का विराट दृश्य देखने को मिला। सुबह से शाम तक मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा और हजारों-लाखों भक्तों ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रातः 4 बजे जैसे ही मंदिर के पट खुले, "हर-हर महादेव" के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। दूर-दराज से आए श्रद्धालु लंबी कतारों में खड़े होकर अनुशासित ढंग से भगवान के दर्शन करते रहे। मान्यता है कि वैशाख पूर्णिमा पर यहां दर्शन करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है, इसी आस्था के चलते प्रदेश सहित देशभर से श्रद्धालु यहां पहुंचे। इस अवसर का मुख्य आकर्षण रहा भगवान का "बूढ़े बाबा" स्वरूप। रात्रि में भगवान जागेश्वरनाथ का भव्य और दिव्य श्रृंगार किया गया, जिसमें महादेव वृद्ध रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। जैसे ही यह अद्भुत झांकी सजी, पूरा मंदिर परिसर "बम-बम भोले" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अलौकिक दर्शन के लिए श्रद्धालु देर रात तक मंदिर परिसर में डटे रहे। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मंदिर परिसर में 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी रखी गई, वहीं चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सहित पुलिस बल लगातार मुस्तैद रहा, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारू बनी रही। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, छाया और प्राथमिक चिकित्सा जैसी व्यवस्थाएं भी की गईं, जिससे किसी को असुविधा का सामना न करना पड़े। मंदिर प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक के अनुसार, वैशाख माह में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन वैशाख पूर्णिमा पर यह संख्या कई गुना बढ़ जाती है। सुबह से संध्या आरती तक 50 से 70 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए। पूरे दिन जागेश्वरनाथ धाम भक्ति, आस्था और उत्साह से सराबोर रहा। बूढ़े बाबा के दिव्य स्वरूप ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और यह पावन अवसर एक भव्य और यादगार धार्मिक उत्सव बन गया।

## वैशाख पूर्णिमा पर किया गायत्री यज्ञ



दमोह। अखिल विश्व गायत्री परिवार,शांतिकुंज के आव्हान पर वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर दमोह जिले के लगभग 2 हजार से अधिक घरों में गायत्री यज्ञ के माध्यम से प्रार्थना की गई। विश्व में शांति का वातावरण हो, पर्यावरण सुरक्षित हो और सभी जीवधारियों का भला हो इस निमित्त संपूर्ण देश के साथ दमोह जिले के गायत्री परिजनों एव सहयोगियों ने अपने अपने घर पर प्रातः एक कुंडीय गायत्री यज्ञ एव शाम को 5 ,5 धी के दीपक जलाकर सामूहिक गायत्री मंत्र बोलते हुए प्रार्थना की। दमोह जिले में 1008 घरों में यज्ञ करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें अकेले हटा तहसील में 800 से अधिक घरों में यज्ञ सम्पन्न होने का अधिकृत समाचार मिला। दमोह शहर में 463 घरों में हुए यज्ञ के फोटो वीडियो प्राप्त हुए है। तेंदूखेड़ा, नोहटा, पटेरा, बटियागढ़ और पथरिया तहसीलों से 7 सौ से अधिक घरों में यज्ञ सम्पन्न होने की सूचना प्राप्त हुई है। वैशाख पूर्णिमा पर सामूहिक गायत्री यज्ञ का यह सातवां वर्ष था। जिन घरों में इस वर्ष पहली बार यज्ञ हुआ उन परिजनों का यह कहना कि हम लोग प्रतिमाह यज्ञ करेंगे, यज्ञ के उपरांत घर में त्यौहार जैसा अनुभव हो रहा है, मात्र डेढ़, दो सौ रुपए के खर्च में हम सबको नई आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव हुआ और बच्चों को इस यज्ञ के माध्यम से अपनी संस्कृति के विराट स्वरूप का अनुभव हुआ। 3 परिजनों का जन्मदिन और 1 दंपत्ति का विवाह दिवस होने पर उन्होंने अपने आसपास के परिचितों को अपने घर पर आमंत्रित किया था।

### विधायक प्रतिनिधि व जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में हुआ समारोह

# बीईओ अठया को सेवानिवृत्ति पर दी गई समारोहपूर्वक विदाई






हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

पटेरा में 32 वर्षो से अधिक समय तक विभिन्न पदों पर पदस्थ रहे वर्तमान में विकासखंड शिक्षा अधिकारी आई एल अठया की सेवानिवृत्ति पर समारोह पूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। शिक्षक से विधायक बनी उमा देवी खटीक ने पति व प्रतिनिधि लालचंद खटीक एवं जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा के मुख्य आतिथ्य एं अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में पटेरा विकासखण्ड के हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल प्राचार्यो के निर्देशन में श्री अठया का सम्मान एवं सेवा निवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम एक निजी गार्डन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री अठ्या की पत्नि श्रीमति शशि अठया की उपस्थिति उलेखनीय रही। अतिथियों ने सरस्वती पूजन कर शुभारंभ किया तो छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की सराहनीय प्रस्तुति दी। अतिथियों का पुष्पाहार से स्वागत किया गया। प्राचार्यों बीईओ आफिस स्टाफ एवं प्रमुख शिक्षक पदाधिकारियों ने स्वागत किया। विशेष रूप से तैयार की गई पगड़ी मुख्य अतिथि श्री नेमा डीईओ व विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र बजाज पत्रकार ने श्री जी को पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। लालचंद खटीक ने भी श्री अठया का पुष्पाहार शाल श्रीफल से सम्मान किया। अन्य अतिथियों में डीपीसी श्री द्विवेदी, नरेन्द्र बजाज, सावित्री उपाध्याय, गणेश पटेल, पुष्पेन्द्र सोनी, बेनी चौरसिया, पं जवाहर मिश्रा, दिलीप पटेल, मुन्ना साहू भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का सफलतम संचालन प्राचार्य मूकेश गूजरे, कमलेश शर्मा एवं लक्ष्मण विश्वकर्मा ने किया। मुख्य अतिथि लालचंद खटीक ने श्री अठया को अच्छा मार्गदर्शक बताया व भाजपा शासन वं उनके कार्यक्रम में शिक्षा प्रगति से अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री नेमा ने अठया को एक अच्छा लगनशील व कर्मठ अधिकारी कहा जिसकी सेवानिवृत्ति पर विभाग भी विदाई देने में असहज हो रहा है। नरेन्द्र बजाज ने अपने 32 वर्षो के श्री अठया के साथ को अच्छा अनुभव बताया व उनकी कर्मठता के संस्मरण भी सुनाये। उन्हे अब हरिभूमि में आने का आमंत्रण दिया। श्री द्विवेदी ने भी उनकी सराहना की। इस अवसर पर प्रचार्यो, प्रधानअध्यापकों शिक्षकों, बीआरसी, सेवानिवृत्त शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, बीईओ कार्यालय स्टाफ सहित गणमान्य नागरिकों की शानदार उपस्थिति से यह आयोजन शानदार बन गया।

सेनि शिक्षक नरेन्द्र सिंह, माधव पटेल, कैलाश पटेल, श्याम सुंदर प्यासी, सगीर खान ने भी अपनी रचनायें श्री अठया के सम्मान ने समर्पित की। टीकमगढ़ से आये जिला शिक्षा कार्यालय के स्टेनो श्री प्रजापति ने तो आयोजन ने चार चांद लगा दिये। टीकमगढ़ से आये सभी कर्मचारियों ने श्री अठया जी का सम्मान कर उनके दो वर्ष ने टीकमगढ़ के कार्यकाल को सराहा। प्राचार्यों में मुकेश गूजरे, विवेक नेमा, सुरेन्द्र कटहरे, महेन्द्र जैन, जगदीश पटेल, श्यामाचरण खिरा, अरविंद पटेल, एच एस लोधी, हेमराज सिंह, वृंदावन पटैल, राजेन्द्र बंटी जैन, सहित सभी प्राचार्यो ने श्री अठया जी का सम्मान किया। सम्मान का कार्यक्रम देर तक चलता रहा।

सेवानिवृत्त शिक्षकों में मोहन ताम्रकार, प्रकाश गुप्ता, महेश सेठ, प्रकाश गर्ग, देवेद्र जैन सहित अन्य सभी ने सम्मान किया। दिलीप उपाध्याय, कमलेश शर्मा मुलाम सिंह, प्रमोद परोहा, शिशिर पंडया, पंकज जैन, विक्रांत ताम्रकार, राजकुमार जैन एंड टीम, जितेंद्र बड़कुल, भीम नामदेव, हेमंत पटेल ने सम्मान किया। विकासखंड शिक्षा कार्यालय से मुकेश बाबू, रावत बाबू, शिरीष नेमा, चंदन कोरी, अकील खान सहित पूरा स्टाफ पूरी व्यवस्थाओं में सक्रिय रहा। इस अवसर पर श्रीमति शशि अठया, उनकी पुत्री दामाद सहित परिजन बडी संख्या उपस्थिति रहे। अंत में आभार मूकेश गूजरे ने माना। कार्यक्रम में दमोह एवं हटा से भी बड़ी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को उंचाईयां प्रदान की।

## मसाला पुड़ी खत्म होने पर शादी में बवाल लाठी से हमला, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले नोहटा थाना अंतर्गत ग्राम घांघरी में शादी समारोह के दौरान मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार, समारोह में मेहमानों के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए गए, जिनमें शादी पूड़ी और मसाला पूड़ी शामिल थी। इसी दौरान मसाला पूड़ी खत्म हो जाने पर एक युवक के नाराज़ होने से विवाद की स्थिति बन गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि शंकर एवं देवी नामक व्यक्तियों ने लाठी से हमला कर दिया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित राजकुमार चक्रवर्ती ने बताया कि आरोपी घर तक आ गए और वहां भी मारपीट की। हम घर पहुंचे तो वे लोग जा चुके थे।" उन्होंने आगे बताया कि आरोपी उनके ही परिचित हैं, जिनके नाम देवी और शंकर हैं। राजकुमार के अनुसार, "लाठी से हमला किया गया, जिसमें हमारे छोटू भैया और पापा घायल हो गए। घायलों में राहुल का नाम भी शामिल बताया गया है। घटना बड़े भाई के पुत्र की शादी के दौरान हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोहटा थाना पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।